collegebatch.com

Series E1GFH/2

Set No. 1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code 64/2/1

अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 70

Time allowed : 3 hours | Maximum Marks : 70

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 23 (2 **मानचित्र** सहित) हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **23** printed pages (Including **2 Maps**). |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ कीओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

**264 A**

collegebatch.com

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र चार खंडों में विभाजित है – **खंड-क, ख, ग** एवं **घ** ।*

*(iii)* ***खंड – क** : प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या **15** से **17** स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खंड – ख** : प्रश्न संख्या **18** से **23** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखा जाना चाहिए । प्रश्न संख्या **18** तथा **19** स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खंड – ग** : प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** से **150** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खंड – घ** : प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।*

## खंड – क

**इस खंड में 17 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

1. "मानव भूगोल मानव समाजों और धरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है ।" निम्नलिखित भूगोलवेत्ताओं में से किसने यह परिभाषा दी है ?

   (A) एलन सी. सेंपल

   (B) रैटजेल

   (C) जॉर्ज बी. क्रेसी

   (D) पॉल विडाल-डी-ला ब्लाश **1**

collegebatch.com

***General Instructions :***

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Question paper is divided into 4 Sections – **Section A, Section B, Section C & Section D.***

*(iii)* *In section **A** - Question number **1** to **17** are Multiple Choice (MCQ) type Questions. Question No. **15** to **17** are Source based Questions.*

*(iv)* *In section **B** - Question number **18 to 23** are Short Answer (SA) type questions. Answer to these questions shall be written in **80** to **100** words. Question number 18 & 19 are Source based questions.*

*(v)* *In section **C** - Question number **24** to **28** are Long Answer (LA) type questions. Answer to these questions shall be written in **120** to **150** words.*

*(vi)* *In section **D** - Question number **29** & **30** are Map based questions.*

## SECTION – A

**There are 17 questions in this section. All questions are compulsory.**

1. "Human Geography is the synthetic study of relationship between human societies and earth's surface." Who among the following geographers has given this definition ?

(A) Ellen C. Semple

(B) Ratzel

(C) George B. Cressey

(D) Paul Vidal de la Blache **1**

collegebatch.com

2. मानव भूगोल के निम्नलिखित उपागमों को पढ़िए और इनके कालानुक्रम के सही विकल्प को चुनिए :

I. अन्वेषण और विवरण

II. स्थानिक संगठन

III. क्षेत्रीय विभेदन

IV. प्रादेशिक विश्लेषण

**विकल्प :**

(A) I, II, III, IV

(B) I, III, II, IV

(C) I, IV, III, II

(D) I, IV, II, III **1**

3. निम्नलिखित में से कौन सा 'सामाजिक भूगोल' का एक उपक्षेत्र है ?

(A) व्यवहारवादी भूगोल (B) संसाधन भूगोल

(C) निर्वाचन भूगोल (D) पर्यटन भूगोल **1**

4. निम्नलिखित में से कौन सा खनिज आधारित उद्योग **<u>नहीं</u>** है ?

(A) लौह इस्पात (B) एल्युमिनियम

(C) सीमेंट (D) नमक **1**

5. विवृत खनन से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. यह खनन का सबसे सस्ता तरीका है।

II. इसमें उत्पादन अधिक मात्रा में होता है।

III. इसमें विशेष प्रकार की लिफ्ट, बेधक की आवश्यकता होती है।

IV. इसमें विशेष प्रकार की वायु संचार प्रणाली की आवश्यकता होती है।

**विकल्प :**

(A) केवल I व II सही हैं।

(B) केवल III व IV सही हैं।

(C) केवल I व III सही हैं।

(D) केवल II व IV सही हैं। **1**

collegebatch.com

2. Read the following approaches of human geography and choose the correct option of the chronological order :

I. Exploration and description
II. Spatial organisation
III. Areal differentiation
IV. Regional analysis

**Options :**

(A) I, II, III, IV
(B) I, III, II, IV
(C) I, IV, III, II
(D) I, IV, II, III **1**

3. Which one of the following is the sub-field of 'social geography' ?

(A) Behavioural Geography
(B) Geography of Resources
(C) Electoral Geography
(D) Geography of Tourism **1**

4. Which among the following is NOT the mineral based industry ?

(A) Iron and steel
(B) Aluminium
(C) Cement
(D) Salt **1**

5. Read the following statements regarding open-cast mining and choose the correct option :

I. This is the cheapest way of mining.
II. The output is in large quantity.
III. It requires specially designed lifts, drills.
IV. It requires special ventilation system.

**Options :**

(A) Only I and II are correct
(B) Only III and IV are correct
(C) Only I and III are correct
(D) Only II and IV are correct **1**

collegebatch.com

6. सूचनाओं का संग्रहण निम्नलिखित क्षेत्रकों में से किसके अंतर्गत आता है ?

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक

(C) तृतीयक (D) चतुर्थक **1**

7. किसी स्थान पर जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि निम्नलिखित में से किस स्थिति में होती है ?

(A) उच्च जन्मदर, निम्न मृत्युदर तथा उच्च आप्रवास में ।

(B) उच्च जन्मदर, उच्च मृत्युदर तथा शून्य आप्रवास में ।

(C) निम्न जन्मदर, उच्च मृत्युदर तथा निम्न आप्रवास में ।

(D) निम्न जन्मदर, निम्न मृत्युदर तथा निम्न आप्रवास में । **1**

8. निम्नलिखित दो कथनों का अध्ययन कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

**कथन-I** जनांकिकीय संक्रमण की अंतिम अवस्था में प्रजननशीलता और मृर्त्यता दोनों अधिक घट जाती हैं ।

**कथन-II** परिणामस्वरूप जनसंख्या या तो स्थिर हो जाती है या मंद गति से बढ़ती है ।

**विकल्प :**

(A) केवल कथन I सही है ।

(B) केवल कथन II सही है ।

(C) कथन I व II सही हैं । कथन II, I का सही परिणाम नहीं है ।

(D) कथन I व II सही हैं । कथन II, I का सही परिणाम है । **1**

9. विश्व के निम्नलिखित रेलमार्गों में से किसकी लंबाई सर्वाधिक है ?

(A) पार–साइबेरियन रेलमार्ग (B) पार–कैनेडियन रेलमार्ग

(C) ऑस्ट्रेलियाई पार महाद्वीपीय रेलमार्ग (D) ओरिएंट एक्सप्रेस रेलमार्ग **1**

10. दिए गए कथन I एवं II का अध्ययन कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।

**कथन-I** जो समाज भेदभाव तथा बुराइयों को दूर करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाता, वह सभ्य समाज नहीं कहा जा सकता है ।

**कथन-II** भेदभावों से होने वाले इन दुष्प्रभावों को ध्यान में रखकर भारत में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान चलाया गया है ।

**विकल्प :**

(A) कथन I एवं II सही हैं ।

(B) कथन I एवं II गलत हैं ।

(C) कथन I एवं II सही हैं, परंतु कथन I, कथन II की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) कथन I एवं II सही हैं और कथन I, कथन II की सही व्याख्या है । **1**

collegebatch.com

6. Under which one of the following sectors, collection of information comes ?
   (A) Primary (B) Secondary
   (C) Tertiary (D) Quaternary **1**

7. When will be the growth of population positive in any place and in which one of the following conditions ?
   (A) High birth rate, low death rate and high immigration
   (B) High birth rate, high death rate and low immigration
   (C) Low birth rate, high death rate and low immigration
   (D) Low birth rate, low death rate and low immigration **1**

8. Study the following two statements and choose the correct option.
   **Statement-I :** In the last stage of demographic transition both fertility and mortality decline considerably.
   **Statement-II :** Resultant population is either stable or grows slowly.
   **Options** :
   (A) Only statement I is correct.
   (B) Only statement II is correct.
   (C) Statement I and II are correct. Statement II is not the correct result of statement I.
   (D) Statement I and II are correct. Statement II is the correct result of statement I. **1**

9. Which one of the following railways is the longest in the world ?
   (A) Trans-Siberian Railway
   (B) Trans-Canadian Railway
   (C) The Australian Trans-Continental Railway
   (D) The Orient Express Railway **1**

10. Study the given statement I and II and choose the correct option.
   **Statement-I :** A society which fails to acknowledge and take effective measures to remove such discriminations cannot be treated as a civilised one.
   **Statement-II :** Duly acknowledging the adverse impacts of these discriminations, launched a campaign called 'Beti Bachao – Beti Padhao' in India.
   **Options :**
   (A) Statement I & II are correct.
   (B) Statement I & II are incorrect.
   (C) Statement I and II are correct, but Statement I is not the correct explanation of II.
   (D) Statement I and II are correct, and Statement I is correct explanation of II. **1**

collegebatch.com

11. निम्नलिखित में से कौन सी ग्रामीण बस्ती की विशेषता **नहीं** है ?

(A) ग्रामीण बस्तियाँ अपने जीवन का पोषण भूमि आधारित प्राथमिक क्रियाओं से करती हैं ।

(B) ग्रामीण बस्तियों में सामाजिक संबंध घनिष्ठ होते हैं ।

(C) ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन का ढंग जटिल और तीव्र होता है ।

(D) विरल रूप से अवस्थित छोटी बस्तियाँ हैं । **1**

12. निम्नलिखित नगरों के प्रकारों में से सही युग्म का चयन कीजिए :

| | **(नगरों के प्रकार)** | | **(नगर)** |
|---|---|---|---|
| (A) | औद्योगिक | – | इटारसी |
| (B) | खनन | – | सिंगरौली |
| (C) | गैरिसन | – | सतना |
| (D) | प्रशासन | – | अंकलेश्वर |

**1**

13. निम्नलिखित में से कौन सा गैरिसन (छावनी) नगर है ?

(A) कांडला (B) सहारनपुर

(C) झरिया (D) महू **1**

14. भारत में सीमांत सड़कों के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. सीमांत सड़कें सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं ।

II. ये रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान करती हैं ।

III. इनका निर्माण 'भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण' द्वारा किया जाता है ।

IV. ये आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हैं ।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II एवं III सही हैं ।

(B) केवल II, III एवं IV सही हैं ।

(C) केवल I, II एवं IV सही हैं ।

(D) केवल I, III एवं IV सही हैं । **1**

collegebatch.com

11. Which among the followings is NOT the correct feature of rural settlements ?

(A) The rural settlements derive their basic needs from land based primary activities.

(B) In rural settlement, social relations among them are intimate.

(C) In rural areas way of life is complex and fast.

(D) The sparsely located small settlements. **1**

12. Choose the correct pair of the following types of towns :

| **(Types of Town)** | | **(Town)** |
|---|---|---|
| (A) Industrial | - | Itarsi |
| (B) Mining | - | Singrauli |
| (C) Garrisson | - | Satna |
| (D) Administrative | - | Ankleshwar |

**1**

13. Which one of the following is garrison cantonment town ?

(A) Kandala (B) Saharanpur

(C) Jharia (D) Mhow **1**

14. Read the following statements regarding Border Roads and choose the correct option :

I. Border roads are strategically important.

II. They strengthen defence preparedness.

III. 'National Highways Authority of India' construct these roads.

IV. They are helpful in accelerating economic development.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only II, III and IV are correct.

(C) Only I, II and IV are correct.

(D) Only I, III and IV are correct. **1**

collegebatch.com

निम्नलिखित स्रोत का अध्ययन कीजिए और प्रश्न सं. **15** से **17** का उत्तर लिखिए :

**प्रकरण अध्ययन**

झाबुआ ज़िला मध्य प्रदेश के अति पश्चिमी कृषि जलवायु क्षेत्र में अवस्थित है । यह वास्तव में हमारे देश के सर्वाधिक पाँच पिछड़े ज़िलों में से एक है । जनजातीय जनसंख्या विशेषत: भील का उच्च सांद्रण इसकी विशेषता है । लोग गरीबी के कारण कष्ट झेल रहे हैं, और यह गरीबी जंगल एवं भूमि दोनों संसाधनों के उच्च दर से निम्नीकरण के कारण प्रबलित हो गई है । यहाँ भारत सरकार के 'ग्रामीण विकास' तथा 'कृषि मंत्रालय' दोनों ही से जल संभरण प्रबंधन कार्यक्रम फंड अनुदानित हैं, जिन्हें झाबुआ ज़िले में सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है । यह निम्नीकरण को रोकने तथा भूमि की गुणवत्ता को सुधारने में सफल सिद्ध होगा । जल संभरण प्रबंधन कार्यक्रम भूमि, जल तथा वनस्पतियों के बीच संबद्धता को पहचानता है और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता से लोगों की आजीविका को सुधारने का प्रयास करता है । पिछले पाँच वर्षों में, ग्रामीण विकास मंत्रालय से निधि प्राप्त राजीव गांधी मिशन द्वारा क्रियान्वित जल संभरण प्रबंधन ने अकेले झाबुआ ज़िले की लगभग 20 प्रतिशत भूमि का उपचार किया है ।

15. निम्नलिखित में से कौन सा 'भू-निम्नीकरण' का सही अर्थ है ?
    (A) निम्न कोटि भूमियों में जलाक्रांतता
    (B) भूमि की उत्पादकता में कमी
    (C) क्षरित वन का विस्तार
    (D) कृषि योग्य भूमि का विस्तार **1**

16. निम्नलिखित में से भू-निम्नीकरण का कौन सा सबसे प्रमुख कारण है ?
    (A) मृदा अपरदन
    (B) निम्न उत्पादकता
    (C) अधिक उत्पादकता
    (D) व्यर्थ भूमि का विस्तार **1**

17. झाबुआ से संबंधित कौन सा कथन सही **नहीं** है ?
    (A) झाबुआ जनजातीय बहुल जिला है ।
    (B) भू-निम्नीकरण के कारण लोगों में गरीबी बढ़ गई है ।
    (C) राज्य सरकार ने यहाँ जल संभरण प्रबंधन कार्यक्रम के लिए धन दिया है ।
    (D) जल संभरण प्रबंधन ने झाबुआ में भूमि के उपचार में विशेष योगदान दिया है । **1**

collegebatch.com

Study the following source and answer the Question No. **15** to **17**.

**A Case Study**

Jhabua district is located in the westernmost agro-climatic zone in Madhya Pradesh. It is, in fact, one of the five most backward districts of the country. It is characterized by high concentration of tribal population (mostly Bhils). The people suffer due to poverty which has been accentuated by the high rate of resource degradation, both forest and land. The watershed management programmes funded by both the ministries of "Rural Development" and "Agriculture", Government of India, have been successfully implemented in Jhabua district which has gone a long way in preventing land degradation and improving soil quality. Watershed Management Programmes acknowledge the linkage between land, water and vegetation and attempts to improve livelihoods of people through natural resource management and community participation. In the past five years, the programmes funded by the Ministry of Rural Development alone (implemented by Rajiv Gandhi Mission for Watershed Management) has treated 20 percent of the total area under Jhabua district.

15. Which among the following is correct meaning of 'land degradation' ?
    (A) Waterlogging in degraded land (B) Declining productivity of the land
    (C) Increasing of degraded forests (D) Increasing of agricultural land **1**

16. Which one of the following is the main cause of land degradation ?
    (A) Soil erosion (B) Low productivity
    (C) High productivity (D) Increasing wastelands **1**

17. Which statement is <u>NOT</u> correct regarding Jhabua ?
    (A) Jhabua is tribal concentrated district.
    (B) Poverty has increased in the people due to land degradation.
    (C) State government has provided money to implement watershed management programme.
    (D) Watershed management programme has outstanding contribution in land treatment. **1**

collegebatch.com

## खंड – ख

**प्रश्न संख्या 18 और 19 स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।**

18. दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

ध्वनि प्रदूषण के प्रमुख स्रोत विविध उद्योग, मशीनीकृत निर्माण तथा तोड़-फोड़ कार्य, तीव्रचालित मोटर-वाहन और वायुयान इत्यादि हैं । इनमें सायरन, लाउडस्पीकर, तथा सामुदायिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न उत्सव संबंधी कार्यों से होने वाली आवधिक किंतु प्रदूषण करने वाले शोर को भी जोड़ा जा सकता है । सुस्थिर शोर के स्तर को डेसीबल के संदर्भ में ध्वनि स्तर के द्वारा मापा जाता है ।

ध्वनि प्रदूषण के सभी स्रोतों में से यातायात द्वारा पैदा किया गया शोर सबसे बड़ा क्लेश है । इसकी तीव्रता और प्रकृति इन घटकों पर निर्भर करती है जैसे कि वायुयान/वाहन/रेलगाड़ी के प्रकार, उन सड़कों की दशा तथा साथ-ही-साथ वाहन की स्थिति (ऑटोमोबाइल के संदर्भ में जैसे कारकों पर निर्भर करती है ।) समुद्री यातायात में शोर की तीव्रता माल को चढ़ाने व उतारने का निपटान करने वाले पत्तन तक अधिक सीमित रहती है । उद्योग भी ध्वनि प्रदूषण का कारण है जिसमें उद्योग के आधार पर तीव्रता भिन्न-भिन्न होती है ।


ध्वनि प्रदूषण स्थान विशिष्ट होता है तथा इसकी तीव्रता प्रदूषण के स्रोत जैसे कि औद्योगिक क्षेत्र, परिवहन मार्ग, हवाई-अड्डे इत्यादि मुख्यमार्ग से दूर कम होती जाती है । भारत के कई बड़े शहरों एवं महानगरों में ध्वनि प्रदूषण बहुत खतरनाक है ।

(18.1) ध्वनि प्रदूषण का अर्थ स्पष्ट कीजिए । **1**

(18.2) भारत के महानगरों में ध्वनि प्रदूषण क्यों बड़ा संकट है ? **1**

(18.3) "ध्वनि प्रदूषण स्थान विशिष्ट होता है ।" तर्क सहित पुष्टि कीजिए । **1**

19. दिए गए चित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :



collegebatch.com

## SECTION – B
### Question No. 18 and 19 are source based

18. Read the given source and answer the questions that follow :

The main sources of noise pollution are various factories, mechanized construction and demolition works, automobiles and aircraft, etc. There may be added periodical but polluting noise from sirens, loudspeakers used in various festivals, programmes associated with community activities. The level of steady noise is measured by sound level expressed in terms of decibels (dB).

Of all these sources, the biggest nuisance is the noise produced by traffic, because its intensity and nature depend upon factors, such as the type of aircraft, vehicle, train and the condition of road, as well as, that of vehicle (in case of automobiles). In sea traffic, the noise pollution is confined to the harbour due to loading and unloading activities being carried. Industries cause noise pollution but with varying intensity depending upon the type of industry.


Noise pollution is location specific and its intensity declines with increase in distance from the source of pollution, i.e. industrial areas, arteries of transportation, airport, etc. Noise pollution is hazardous in many metropolitan and big cities in India.

(18.1) Explain the meaning of noise pollution. **1**

(18.2) Why is noise pollution hazardous in metropolitan cities in India ? **1**

(18.3) "Noise pollution is location specific." Explain with argument. **1**

19. Study the given picture and answer the questions that follow :



collegebatch.com

(19.1) चित्र में दिए गए जलमार्ग का नाम लिखिए। **1**

(19.2) उन दो सागरों के नाम लिखिए जो इस जलमार्ग से जुड़े हैं। **1**

(19.3) चित्र में A और B के रूप में अंकित पत्तनों के नाम लिखिए। **½ + ½ = 1**

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर हैं :

(19.1) पनामा नहर किन दो महासागरों को जोड़ती है ? **½ + ½ = 1**

(19.2) पनामा नहर का निर्माण किस देश के द्वारा किया गया ? **1**

(19.3) पनामा नहर के दोनों सिरों के अंतिम पत्तनों के नाम लिखिए। **½ + ½ = 1**

**प्रश्न संख्या 20 से 23 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं**

20. (a) "मोटे तौर पर विश्व की जनसंख्या का 90 प्रतिशत इसके 10 प्रतिशत स्थल भाग में निवास करता है।" विश्व के जनसंख्या वितरण प्रारूप के संदर्भ में इस कथन की परख कीजिए। **3**

**अथवा**

(b) "प्रवास को मनुष्य और संसाधन के बीच बेहतर संतुलन प्राप्त करने की दिशा में एक स्वतः स्फूर्त प्रयास के रूप में निरूपित किया जा सकता है।" प्रवास को प्रभावित करने वाले अपकर्ष एवं प्रतिकर्ष कारकों के संदर्भ में इस कथन की परख कीजिए। **3**

21. भारत में जनसंख्या के असमान स्थानिक वितरण के किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए। **3**

22. "अनियमित मानसून पर निर्भरता अभी भी भारतीय कृषि की एक बड़ी समस्या है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। **3**

23. (a) भारत में ऊर्जा के परम्परागत स्रोत के रूप में कोयला का वर्णन कीजिए। **3**

**अथवा**

(b) भारत में ऊर्जा के अपरम्परागत स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा के महत्व का वर्णन कीजिए। **3**

## खंड – ग

**प्रश्न संख्या 24 से 28 दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं।**

24. (a) "निर्माण क्रियाओं में उच्च प्रौद्योगिकी नवीनतम पीढ़ी है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। **5**

**अथवा**

(b) विश्व में उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले किन्हीं पाँच कारकों की व्याख्या कीजिए। **5**

collegebatch.com

(19.1) Name the waterway given in the picture. **1**

(19.2) Name the two sea connected by this waterway. **1**

(19.3) Name the ports marked as 'A' & 'B' in this picture. **½ + ½ = 1**

**Note : For Visually Impaired Candidates in lieu of Q. No. 19 only.**

(19.1) Which two oceans are connected by Panama Canal ? **½ + ½ = 1**

(19.2) Which country has constructed 'Panama Canal' ? **1**

(19.3) Name the terminal ports of 'Panama Canal'. **½ + ½ = 1**

**Question No. 20 to 23 are short answer type**

20. (a) "Broadly 90 percent of the world population lives in about 10 percent of its land area." Examine the statement in context of patterns of population distribution in the world. **3**

**OR**

(b) "Migration may be interpreted as a spontaneous effort to achieve a better balance between population and resources." Examine the statement in context of pull and push factors that influence migration. **3**

21. Analyse any three causes for uneven spatial distribution of population in India. **3**

22. "Dependence on erratic monsoon is still a big problem of Indian agriculture." Support the statement. **3**

23. (a) Describe coal as source of conventional energy in India. **3**

**OR**

(b) Describe the importance of solar energy as a source of non-conventional energy in India. **3**

## SECTION - C

**Question No. 24 to 28 long answer type questions**

24. (a) "High technology is the latest generation of manufacturing activities". Explain the statement. **5**

**OR**

(b) Explain any five factors affecting the location of industries in the world. **5**

collegebatch.com

25. "विश्व भर में सेवाएँ विभिन्न स्तरों पर पायी जाती हैं ।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । **5**

26. विश्व में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के पाँच आधारों का विश्लेषण कीजिए । **5**

27. "समन्वित जनजातीय विकास परियोजना के अंतर्गत परिवहन तथा संचार, कृषि और इससे संबंधित क्रियाओं तथा सामाजिक व सामुदायिक सेवाओं के विकास को सर्वाधिक प्राथमिकता दी गई ।" भरमौर क्षेत्र के संदर्भ में इस कथन की परख कीजिए । **5**

28. (a) भारत में पाइप लाइनें किस प्रकार गैसों एवं तरल पदार्थों के लंबी दूरी तक परिवहन हेतु अत्यधिक सुविधाजनक एवं सक्षम परिवहन प्रणाली हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) भारत में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार के रूप में समुद्री पत्तनों के महत्व को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **5**

## खंड – घ

**प्रश्न संख्या 29 एवं 30 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।**

29. विश्व के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F तथा G से अंकित किया गया है । उनमें से किन्हीं **पाँच** की पहचान निम्नलिखित जानकारी की सहायता से कीजिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

A. दक्षिण अमेरिका का सबसे बड़ा देश **1**

B. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का क्षेत्र **1**

C. पार साइबेरियन रेलवे के सबसे पूर्वी स्टेशन **1**

D. प्रमुख समुद्री पत्तन **1**

E. नौ परिवहन नहर **1**

F. एशिया में अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन **1**

G. यूरोप में अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन **1**

collegebatch.com

25. "Services occur at different levels throughout the world." Support the statement with examples. **5**

26. Analyse the five basis of international trade in the world. **5**

27. "Integrated tribal development project laid the highest priority on development of transport and communications, agriculture and allied activities & social and community services." Examine the statement in the context of Bharmaur region. **5**

28. (a) How are pipelines the most convenient and efficient mode of transporting liquids and gases over long distances in India ? Explain with examples. **5**

**OR**

(b) Explain with examples of the importance of Indian ports as gateways of international trade. **5**

## SECTION – D

### Question No. 29 & 30 are Map based

29. On the given political outline map of the world seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any five of them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

A. The largest country of South America **1**

B. An area of extensive commercial farming **1**

C. Easternmost station of 'Trans-Siberian Railway'. **1**

D. A major sea-port **1**

E. The shipping canal **1**

F. An international airport of Asia **1**

G. An international airport of Europe **1**

collegebatch.com

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं । किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| 29.1 | क्षेत्रफल की दृष्टि से दक्षिण अमेरिका के सबसे बड़े देश का नाम लिखिए । | 1 |
| 29.2 | अफ्रीका में विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए । | 1 |
| 29.3 | पार साइबेरियन रेलवे के सबसे पूर्वी स्टेशन का नाम लिखिए । | 1 |
| 29.4 | न्यूज़ीलैंड के एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए । | 1 |
| 29.5 | ऑस्ट्रेलियाई पार–महाद्वीपीय रेलमार्ग के सबसे पश्चिम के स्टेशन का नाम लिखिए । | 1 |
| 29.6 | मिसीसिपी जलमार्ग का संबंध प्रमुख रूप से किस देश से है ? | 1 |
| 29.7 | जोहान्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन किस देश में स्थित है ? | 1 |

30. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** भौगोलिक लक्षणों को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

| | | |
|---|---|---|
| 30.1 | सर्वाधिक नगरीकरण वाला राज्य | 1 |
| 30.2 | सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य | 1 |
| 30.3 | कॉफी का अग्रणी उत्पादक राज्य | 1 |
| 30.4 | खेतड़ी–ताँबे की खानें | 1 |
| 30.5 | जामनगर – तेल शोधन कारखाना | 1 |
| 30.6 | उत्तर–दक्षिण गलियारे का उत्तरी सिरे का स्टेशन | 1 |
| 30.7 | तूतीकोरिन – प्रमुख समुद्री पत्तन | 1 |

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं । किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

| | | |
|---|---|---|
| 30.1 | सर्वाधिक नगरीकरण वाले राज्य का नाम लिखिए । | 1 |
| 30.2 | सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए । | 1 |
| 30.3 | कॉफी के अग्रणी उत्पादक राज्य का नाम लिखिए । | 1 |
| 30.4 | खेतड़ी ताँबे की खानें किस राज्य में स्थित हैं ? | 1 |
| 30.5 | जामनगर तेल शोधन कारखाना किस राज्य में स्थित है ? | 1 |
| 30.6 | उत्तर दक्षिण गलियारे के उत्तरी सिरे के स्टेशन का नाम लिखिए । | 1 |
| 30.7 | तूतीकोरिन प्रमुख समुद्री पत्तन किस राज्य में स्थित है ? | 1 |

collegebatch.com

**Note : For Visually Impaired Candidates in lieu of Q. No. 29 only. Answer any five questions.**

29.1 Name the largest country of South America in terms of area. **1**

29.2 Name an area of extensive commercial grain farming in Africa. **1**

29.3 Name the western most station of Trans-Siberian railway. **1**

29.4 Name major sea port of New Zealand. **1**

29.5 Name the western most station of Trans-Australian Railways. **1**

29.6 Which country the Mississippi waterways is mainly related ? **1**

29.7 In which country Johannesburg international airport is located ? **1**

30. On the given political outline Map of India, locate and label **any five** of the following geographical features with appropriate symbols :

30.1 State with the highest level of urbanization **1**

30.2 State with the lowest level of density of population **1**

30.3 The leading coffee producing state **1**

30.4 Khetri – copper mines **1**

30.5 Jamnagar – Oil refinery **1**

30.6 The Northern terminal station of North-South Corridor. **1**

30.7 Tuticorin – major sea-port **1**

**Note : For Visually Impaired Candidates in lieu of Q. No. 30 only. Answer any five questions.**

30.1 Name the state with the highest level of urbanisation. **1**

30.2 Name the state having the lowest level of population density. **1**

30.3 Name the leading coffee producer state. **1**

30.4 In which state are the Khetri copper mines located ? **1**

30.5 In which state is Jamnagar oil refinery located ? **1**

30.6 Name the northern terminal station of North-South Corridor. **1**

30.7 In which state is Tuticorin major sea port located ? **1**

———


collegebatch.com

collegebatch.com

प्रश्न सं. **29** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **29**

WORLD : Outline (Political)




Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें

collegebatch.com

प्रश्न सं. **30** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **30**




Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें

collegebatch.com